भदोही समेत 26 जिलों में बनेंगे सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय

अत्याधुनिक लैब, क्लास रूम, मिनी स्टेडियम जैसी सुविधाएं

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के तहत क्लस्टर विद्यालय की कवायद तेज हो गई है। इसके तहत प्रदेश में सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय की शुरुआत की गई है। इस क्रम में भदोही, मिर्जापुर, बलिया, आजमगढ़ समेत प्रदेश के 26 जिलों को तीसरे सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय की सौगात दी गई है। जल्द ही इनका निर्माण शुरू किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद प्रदेश में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण शुरू कराए गए हैं। पहले चरण में हर जिले में एक, दूसरे चरण में हर जिले में दो और अब तीसरे चरण में हर जिले में तीन सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं। अभी तक स्वीकृत 150 में से 110 का काम शुरू हो गया है।

इसी क्रम में इन 26 जिलों में तीसरी तहसील में इन विद्यालयों को स्वीकृत किया गया है। 30 करोड़ से बनने वाले इन विद्यालयों में प्री नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई एक ही परिसर में होगी। यहां अंग्रेजी माध्यम की आधुनिक शिक्षा, 30 स्मार्ट क्लास, साइंस, रोबोटिक्स व कंप्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, मिनी स्टेडियम जैसी अत्याधुनिक

30 करोड़ से एक विद्यालय का होगा निर्माण, शुरुआत जल्द

इन जिलों में बनेंगे विद्यालय

लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, रायबरेली, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, बस्ती, हरदोई, अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, हाथरस, मिर्जापुर, झांसी, कुशीनगर, भदोही, उन्नाव, शाहजहांपुर, एटा, बांदा, कानपुर नगर, बलिया, गौतमबुद्धनगर, कौशांबी, बरेली व जालौन

ड्रॉप आउट दर में आएगी कमी : एक ही कैंपस में प्री नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई का एक लक्ष्य प्रदेश में ड्रॉप आउट दर में कमी लाना भी है। शासन का मानना है कि यहां पर प्री नर्सरी में प्रवेश लाने वाला बच्चा 12वीं की पढ़ाई पूरी करके निकलेगा।

संपत्ति के झूठे प्रचार पर नपेंगे बिल्डर

लखनऊ। यूपी रेरा सोशल मीडिया पर रियल एस्टेट परियोजनाओं का भ्रामक प्रचार करने वाले इंफ्लुएंसर के बजाय अब संबंधित बिल्डर पर कार्रवाई करेगा। साथ ही बिना पंजीकरण वाली परियोजनाओं का प्रचार करने और गलत जानकारी देने पर भी बिल्डर को जिम्मेदार माना जाएगा। यूपी रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2026 की छमाही रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स की पूरी जानकारी लेने के लिए केंद्र सरकार के विभाग से संपर्क किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनवरी से जून तक प्रदेश में 143 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इनमें 46049 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। इन परियोजनाओं में करीब 31952 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। रेरा सोशल मीडिया पर परियोजनाओं के प्रचार की निगरानी भी करेगा। भूसरेड्डी ने कहा कि इंफ्लुएंसर मुफ्त में प्रचार नहीं करते।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां एनसीआर में प्रीमियम और लक्जरी परियोजनाओं में बड़े निवेश जारी हैं, वहीं एनसीआर के बाहर आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं का तेज विस्तार हो रहा है। लखनऊ पहली छमाही में 37 नई परियोजनाओं के साथ सबसे आगे है। इसके बाद गौतम बुद्ध नगर (27), गाजियाबाद (19), आगरा (10), मथुरा (10), वाराणसी (7), झांसी (3), बाराबंकी (3), बरेली (3) व प्रयागराज (3) का स्थान है। ब्यूरो

शैक्षणिक परिसरों को हर हाल में नशामुक्त बनाना होगा : आनंदीबेन

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वर्तमान में राज्य विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह चल रहे हैं। समारोह से पहले होने वाले सुरक्षा निरीक्षण में नशीले पदार्थों के इस्तेमाल सहित कई गंभीर कमियां सामने आती हैं। इसको लेकर राज्यपाल ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिसरों को हर हाल में नशामुक्त बनाना होगा। इसके लिए शिक्षकों, अभिभावकों और समाज की भी बराबर जिम्मेदारी है।

जनभवन में बृहस्पतिवार को पुलिस विभाग, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आयोजित नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान में राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा नशे से दूर रहेंगे। उन्होंने शिक्षकों से नशामुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनभवन के पांच कर्मचारियों को नशा त्यागने के संकल्प पर प्रमाण-पत्र दिए गए, जबकि जनभवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के पांच विद्यार्थियों को नशा मुक्ति प्रहरी के रूप में सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने हाल में केंद्रीय गृह सचिव व स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आगामी तीन वर्षों के लिए हर विश्वविद्यालय व विद्यालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। ब्यूरो

पढ़ें, कहां मिल रही हैं कितनी नौकरियां amarujala.com पर

यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:–

रेलगाड़ी संख्या	स्टेशन		आवृत्ति/ चलने के दिन	पूर्व अधिसूचित तिथि तक	विस्तारित अवधि	फेरे
	से	तक				
09309	इन्दौर जं.	हज़रत निज़ामुद्दीन	द्वि–साप्ताहिक (शुक्र एवं रवि)	31.07.2026	**30.08.2026 तक**	9
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	इन्दौर जं.	द्वि–साप्ताहिक (शनि एवं सोम)	01.08.2026	**31.08.2026 तक**	9
09093	उधना जं.	अयोध्या कैंट	साप्ताहिक (शुक्र)	31.07.2026	**28.08.2026 तक**	4
09094	अयोध्या कैंट	उधना जं.	साप्ताहिक (शनि)	01.08.2026	**29.08.2026 तक**	4
09097	उधना जं.	अयोध्या कैंट	साप्ताहिक (मंगल)	28.07.2026	**25.08.2026 तक**	4
09098	अयोध्या कैंट	उधना जं.	साप्ताहिक (बुध)	29.07.2026	**26.08.2026 तक**	4
09451	गांधीधाम जं.	भागलपुर जं	साप्ताहिक (शुक्र)	31.07.2026	**28.08.2026 तक**	4
09452	भागलपुर जं	गांधीधाम जं.	साप्ताहिक (सोम)	03.08.2026	**31.08.2026 तक**	4

नोट: शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

68500 शिक्षक भर्ती में 5% छूट के लिए दिया ज्ञापन

लखनऊ। 68500 शिक्षक भर्ती 2018 के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा से मुलाकात की। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तीर्णांक में 5% की छूट देने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। अभ्यर्थियों ने परिणाम संशोधित कर नई सूची जारी करने की अपील की। ब्यूरो

290 राजकीय इंटर कॉलेजों को मिले नियमित प्रधानाचार्य

लखनऊ। प्रदेश के 290 राजकीय इंटर कॉलेजों को बृहस्पतिवार को नियमित प्रधानाचार्य मिले। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इनका तैनाती आदेश जारी किया। अभी तक यहां पर प्रभारी के माध्यम से काम लिया जा रहा था। इसके साथ ही विभाग ने कुल 326 समूह ख में पदोन्नति पाने वाले शिक्षकों को तैनाती दी है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि महिला व पुरुष संवर्ग में कार्यरत प्रधानाध्यापक पद से समूह ख में पदोन्नति पाने वालों को पदस्थापित किया गया है। इसके तहत 142 राजकीय महिला इंटर कॉलेज में और 148 पुरुष राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य को तैनाती दी गई है। ब्यूरो

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

सभी समस्याओं का समाधान सम्भव

श्री जगन्नाथ ज्योतिष संस्थान के आचार्य पं. श्रीराम शर्मा ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए जाने जाते हैं। इसलिए आपको डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी के द्वारा 'काशी सपूत सम्मान' से अलंकृत किया गया है। आपके पास बहुत तरह की समस्याएं जैसे आर्थिक तंगी, व्यापार बाधा, विवाह बाधा, संतान पक्ष, स्वास्थ्य, अनिद्रा, डिप्रेशन व कैरियर की समस्या लेकर लोग आये और उन्हें पूर्ण सफलता प्राप्त हुई। इसका पुरा श्रेय आप प्रभु जगन्नाथ जी को देते हैं। आपका पता है : श्री जगन्नाथ ज्योतिष संस्थान, संकट मोचन मन्दिर के पास, वाराणसी, मो. 9005936633

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी बिक्री सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : प्रथम तल कलीचाबाद, कटघरा देहाती (निकट अंजू गिल एकेडमी) जौनपुर – 222001

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना "अनुर्नत -IV-A"
[नियम 8 (6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी, बन्धककर्ता तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्ति/बन्धक/ प्रभारयुक्त वास्तविक सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी /जमानतकर्ता/बन्धककर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय राशि/आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढोत्तरी राशि इत्यादि का विवरण निम्नलिखित है:–

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईफटी / ट्रान्सफर (चालान निष्पादन के बाद) https://www.baanknet.com के द्वारा 08.09.2026 को या उसके पहले किया जायेगा।

नीलामी की तिथि 08.09.2026
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता के नाम एवं पते	अचल सम्पत्ति का विस्तृत विवरण ज्ञात अधिभार सहित, यदि हो (स्वामी/बंधककर्ता का नाम)	कुल बकाया	ई–नीलामी की तिथि एवं समय (ब्रांच से समय तक समय)	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि (ईएमडी) /बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (रचनात्मक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
शाखा– बदलापुर, बदलापुर, जिला– जौनपुर – 222125, मो. नं. 9554959068 E-mail : badjau@bankofbaroda.co.in							
1.	**ऋणी– श्री खलील अहमद** पुत्र मुनीर अहमद, **पता–** खामपुर गोनौली, सिंगरामऊ, बदलापुर, जिला– जौनपुर(उ.प्र.)–222175 **सह–ऋणी– श्रीमती मसीरुन्निशा** पत्नी खलील अहमद, **दोनों का पता–** खामपुर गोनौली, सिंगरामऊ, बदलापुर, जिला– जौनपुर(उ.प्र.)–222175	सम्पत्ति का सामिक बंधक स्थित **आराजी/प्लॉट नं. 254/0.117 हेक्टे. अथवा 0.29 एकड़,** जिसमें से 1/5 भाग अर्थात **234.67 वर्गमी.** स्थित ग्राम खामपुर, परगना रारी, पोस्ट– गोनौली, तहसील बदलापुर, जिला– जौनपुर में उस पर निर्मित भवन सहित **श्री खलील अहमद** पुत्र मुनीर अहमद के नाम है। **चौहद्दी– पूरब–** अवनी कुमार की भूमि आदि, **पश्चिम–** शब्बीर के प्लॉट का बकाया भाग एवं अन्य, **उत्तर–** शिव मोहन चौबे की भूमि एवं अन्य, **दक्षिण–** चक मार्ग	रु. 36,98,977.00 (रुपये छत्तीस लाख अट्ठानबे हजार नौ सौ सतहत्तर मात्र) सहित दिनांक 05.01.2025 तक + अग्रिम ब्याज दिनांक 06.01.2025 से प्रभावी + शुल्क, व्यय एवं अन्य खर्चे	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 54,41,400.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 5,44,140.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
2.	**ऋणी– श्री खलील अहमद** पुत्र मुनीर अहमद, **पता–** खामपुर गोनौली, सिंगरामऊ, बदलापुर जौनपुर(उ.प्र.)–222175	सम्पत्ति का सामिक बंधक स्थित **आराजी/प्लॉट नं. 321/0.214 हेक्टे. जिसमें से 0.12, 1/2 एकड़ भूमि का भाग क्षेत्रफल– 35×60 फीट अर्थात 2100 वर्गफीट अथवा 195.10 वर्गमी.** ग्राम खामपुर, परगना रारी, पोस्ट गोनौली, तहसील बदलापुर, जिला– जौनपुर में निर्मित भवन सहित **श्री खलील अहमद** पुत्र मुनीर अहमद के नाम है। **चौहद्दी– पूरब–** नसीरुन्निशा के उक्त प्लॉट का बकाया भाग, **पश्चिम–** चकमार्ग, **उत्तर–** नसीरुन्निशा के उक्त प्लॉट का बकाया भाग, **दक्षिण–** चक मार्ग	रु. 25,21,364.00 (रुपये पच्चीस लाख इक्कीस हजार तीन सौ चौंसठ मात्र) सहित दिनांक 05.01.2025 तक अग्रिम ब्याज, 06.01.2025 से प्रभावी शुल्क एवं व्यय तथा अन्य खर्च	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 11,34,000.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 1,13,400.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
शाखा– केराकट, सरायरीरू चौराहा, केराकट, जिला– जौनपुर – 222142, मो. नं. 9554959063 E-mail : keraka@bankofbaroda.co.in							
3.	**ऋणी– मेसर्स निशा ऑयल एण्ड फ्लोर मिल प्रतिनिधित्व द्वारा अपनी प्रोपराइटर श्रीमती निशा सिंह, पता–** बम्मावन, थानागद्दी, केराकट, जौनपुर – 222181	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित **आराजी/प्लॉट नं. 1260/1. 380 हेक्टे.** जिसमें से **क्षेत्रफल– 0.057 हेक्टे.,** मौजा बम्मावन, थाना गद्दी परगना एवं तहसील केराकट, जिला–जौनपुर में स्थित उस पर निर्मित भवन सहित उपरोक्त **श्रीमती निशा सिंह** पत्नी जीत बहादुर सिंह के नाम **चौहद्दी (सेलडीड के अनुसार)– पूरब–** अरविंद सिंह की भूमि, **पश्चिम–** शिवपूजन सिंह की भूमि, **उत्तर–** शिव शंकर सिंह की भूमि, **दक्षिण–** खड़ंजा रोड तत्पश्चात जीत बहादुर सिंह की भूमि	रु. 17,87,469.72 (रुपये सत्रह लाख सत्तासी हजार चार सौ उनहत्तर एवं पैसे बहत्तर मात्र) दिनांक 31.07.2025 तक ब्याज सहित + अग्रिम ब्याज दिनांक 01.08.2025 से प्रभावी + शुल्क, व्यय एवं अन्य खर्चे	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 40,61,700.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 4,06,170.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
शाखा– गोपीगंज, पड़ाव, गोपीगंज, जिला– संतरविदास नगर– 221303, मो. नं. 9554959084 E-mail : gopibs@bankofbaroda.co.in							
4.	**ऋणी– मेसर्स नूर कलेक्शन मार्फत अपने प्रोपराइटर वारिस अली,** जी. टी. रोड, गोपीगंज, तहसील एवं जिला– भदोही(उ.प्र.)–221303 **ऋणी एवं प्रोपराइटर– श्री वारिस अली प्रोपराइटर– मेसर्स नूर कलेक्शन** पुत्र शेर अली, **पता–** जी.टी. रोड चूड़ीहारी मोहाल, गोपीगंज, संतरविदासनगर (उप्र) – 221303 **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता– श्री शेर अली खान, पता–** जी.टी. रोड चूड़ीहारी मोहाल, गोपीगंज, संतरविदासनगर(उ.प्र.)–221303	भूमि के सभी भाग व खण्ड का सामिक बंधक दिनांक 24.12.2018 एवं अग्रिम विस्तार बंधक दिनांक 06.01.2022 मकान नं. 792 (घर दुआरी) राजस्व ग्राम गोपीगंज, तालुका कोंच, तहसील ज्ञानपुर, जिला– भदोही **चौहद्दी (सेलडीड के अनुसार)– पूरब–** पुरई चुरिहार का मकान, **पश्चिम–** ओराम उमर का मकान, **उत्तर–** जी.टी. रोड, **दक्षिण–** सरकारी गली	रु. 33,85,321.76 (रुपये तैंतीस लाख पिच्चासी हजार तीन सौ इक्कीस एवं पैसे छिहत्तर मात्र) दिनांक 30.09.2025 तक अग्रिम ब्याज दिनांक 01.10.2025 से प्रभावी + शुल्क, व्यय एवं अन्य खर्चे	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 56,17,000.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 5,61,700.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा (सुरक्षित ऋणदाता) में प्रदत्त लिंक का अवलोकन करें– वेबसाइट : www.bankofbaroda.bank.in/e-auction & https://baanknet.com

दिनांक– 31.07.2026

प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक
बैंक ऑफ बड़ौदा